आईटीएम में 'ओपन एजुकेशन रिसोर्सेज' पर हुआ व्याख्यान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 मई. आईटीएम ग्वालियर के बेसिक साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज विभाग और इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में 'ओपन एजुकेशनल रिसोर्सेज-नवाचार और गुणवत्ता शिक्षा की दिशा में' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जहां विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रोफेसर हुसैन जीवाखान (भौतिकी विभाग, नेशनल टीचर्स ट्रेनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम

ग्वालियर के डीन अकेडमिक डॉ. एसएस चौहान, आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. शाहिद अमीन, डीन रिसर्च डॉ. दीपेश भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

व्याख्यान के दौरान विशेषज्ञ और मुख्य वक्ता प्रोफेसर हुसैन जीवाखान ने ओपन एजुकेशन रिसोर्सेज (ओईआर) के बारे में बताते हुए कहा कि ओईआर प्लेटफॉर्म छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को उच्च गुणवत्ता वाली शैक्षणिक सामग्री मुफ्त में उपलब्ध कराते हैं, जिससे शिक्षा अधिक सुलभ, किफायती और समावेशी बनती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल रिपॉजिटरी, ओपन कोर्स वेयर और सहयोगात्मक शिक्षक उपकरणों की भूमिका पर प्रकाश डाला, जो पारंपरिक और आधुनिक शिक्षा प्रणालियों के बीच की दूरी को कम करने में सहायक हैं।

आईटीएम ग्वालियर के डीन एकेडमिक डॉ. एसएस चौहान ने कहा कि प्रोफेसर हुसैन जीवाखान मेरे लिए केवल एक शिक्षा ही नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने बताया कि एमटेक के दौरान राजीव गांधी प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में अध्ययन के दौरान प्रोफेसर हुसैन से न केवल विषय का गहन ज्ञान प्राप्त हुआ, बल्कि शोध के प्रति समर्पण, अनुशासन और नवाचार की भावना भी सीखने को मिली। वहीं आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. शाहिद अमीन ने मुख्य अतिथि प्रोफेसर हुसैन जीवाखान का औपचारिक परिचय दिया। साथ ही उन्होंने आईआईसी की भूमिका को नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण बताया। अंत में डीन रिसर्च डॉ. दीपेश भारद्वाज ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

दूधिया रोशनी में खेले जा रहे क्रिकेट मैच, जीत के लिए दम लगा रहीं हैं टीमें

ग्वालियर। जन उत्थान न्यास के तत्वाधान में हो रहे विधायक प्रीमियर लीग 2026 रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आज 6 मैच एम.एल.बी कॉलेज के खेल मैदान में सायं 3:30 बजे से आयोजित किये गये। पहला मैच सायं 3:30 बजे वार्ड क्रमांक 21 की टीम 21/ए एवं टीम 21/बी के मध्य खेला गया। इसी क्रमशः में दूसरा मैच सायं 4:30 बजे वार्ड क्रमांक 60 की टीम 60/क्यू एवं टीम 60/आर के मध्य, तीसरा मैच सायं 5:30 बजे वार्ड क्रमांक 18 की टीम 18/ई एवं टीम 18/एफ के मध्य, चौथा मैच सायं 6:30 बजे वार्ड क्रमांक 58 की टीम 58/ए एवं टीम 58/डी के मध्य, पांचवा मैच सायं 7:30 से वार्ड क्रमांक 56 की टीम 56/ई एवं टीम 56/वाय के मध्य एवं अंतिम छठवां मैच सायं 8:30 बजे वार्ड क्रमांक 45 की टीम 45/बी एवं टीम 45/के के मध्य खेला गया। मैच की शुरूआत में टूर्नामेंट के आयोजक, न्यास के अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने अतिथियों के साथ टीमों से परिचय किया और टीमों को शुभकामनाएं दी। आज टूर्नामेंट के विभिन्न मैचों में अतिथियों के रूप में दिलीप अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, राकेश जैन, संजय गेडा, मुकेश गोयल, श्याम बंसल 'अप्पा', कैलाश चंद्र गर्ग, अजय अग्रवाल, समीर अग्रवाल, रवि गर्ग, श्याम बंसल 'अप्पा', अनूप साहू, अनिल दुबे, जितेन्द्र बंसल मौजूद रहे। आज शाम एम.एल.बी मैदान पर पहला मैच वार्ड क्रमांक 21 की टीम 21/ए एवं टीम 21/बी के मध्य खेला गया। टीम 21/ए ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की और 8 ओवर में 125 रन बनाये। जिसके विरूद्ध टीम 21/बी ने 8 ओवर 47 रन बनाये और मैच हार गई। मैन ऑफ द मैच शिवांग को मिला। दूसरा मैच वार्ड क्रमांक 60 की टीम 60/क्यू एवं टीम 60/आर के मध्य खेला गया। टीम 60/क्यू ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग की। जिस पर टीम 60/आर ने 8 ओवर में 74 रन बनाये। जिसके विरूद्ध टीम 60/क्यू ने 8 ओवर में 65 रन बनाये और मैच हार गई। मैन ऑफ द मैच मनीष अहिरवार को मिला। तीसरा मैच वार्ड क्रमांक 18 की टीम 18/ई एवं टीम 18/एफ के मध्य खेला गया। टीम 18/ई ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग की और 8 ओवर में 49 रन बनाये। जिसके विरूद्ध टीम 18/एफ ने 4 ओवर 3 बॉल में 50 रन बनाये और जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच वरूण को मिला।

संगीतमयी सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन आज 'चेम्बर भवन' में

ग्वालियर म.प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के 121वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार, 26 मई को दोपहर 03:30 बजे से 'चेम्बर भवन' में संगीतमयी-सुंदरकाण्ड का पाठ सुंदरकाण्ड वक्ता-पं. अंकित शर्मा द्वारा किया जायेगा. चेम्बर अध्यक्ष-डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष-हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष-डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव-दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव-पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष-संदीप नारायण अग्रवाल द्वारा चेम्बर के समस्त सदस्यों से उक्त आयोजन में पधारने की अपील की है.

बारिश से पहले साफ हुए 303 नाले

ग्वालियर. बारिश से पहले जलभराव को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे नाला सफाई अभियान के तहत अभी तक 303 नाले साफ किए जा चुके हैं। सोमवार को नगर निगम के सफाई अमले ने 10 नालों को जेसीबी, पोकलेन एवं मैनुअल साफ किया।

नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देश पर नाला सफाई अभियान चलाया जा रहा है। ग्वालियर में 334 नाले सफाई के लिए चिन्हित किए हैं, इनमें से नगर निगम अभी तक 303 नाले साफ कर चुका है। नालों की सफाई के लिए निगमायुक्त के निर्देश पर बडे नालों को जेसीबी, पोकलेन मशीन के माध्यम से साफ किया जा रहा है। वहीं छोटे नालों को मैनुअल साफ किया जा रहा है, जिससे बारिश के मौसम में शहर में कहीं भी जलभराव की स्थिति ना बने। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने दक्षिण विधानसभा में जेसीबी की मदद से राजा गैस गोदाम, पुरानी वकील कॉलोनी मैनुअल, टोलुआ का पुरा मैनुअल, बडी सब्जी मण्डी जेसीबी, मुल्ला जी की सराय मैनुअल, ग्रामीण विधानसभा में वीरपुर गिरवाई रोड मैनुअल, ग्वालियर पूर्व विधानसभा में शिवनगर, मैनुअल, यमुना नगर.

वैश्य महासम्मेलन ने डीआईजी अमित सांघी को विदाई दी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 25 मई. मप्र वैश्य महासम्मेलन के पदाधिकारियों ने सोमवार को ग्वालियर के डीआईजी रहे अमित सांघी को उनके स्थानांतरण पर भावभीनी विदाई दी। डीआईजी सांघी ने इस मौके पर कहा कि स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है और मुझे इस बात का संतोष हैं कि ग्वालियर में पदस्थी के दौरान आप सभी का सहयोग मिला। वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने डीआईजी अमित सांघी का स्वागत किया । इस मौके पर वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश महामंत्री अनिल जैन, संभागीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल, जिलाध्यक्ष अजय गोयल, मीडिया प्रभारी विनय अग्रवाल, जिलाध्यक्ष महिला ज्योति बंसल आदि उपस्थित थे।

निगमायुक्त ने कंट्रोल कमांड सेंटर से किया कचरा कलेक्शन का निरीक्षण

ग्वालियर. नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सोमवार की सुबह कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से कचरा कलेक्शन एवं सेकेंडरी वेस्ट कलेक्शन का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर टिपर वाहनों के पहुंचने एवं वहां से निकलने के समय को जांचा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। स्मार्ट सिटी स्थित कंट्रोल कमांड सेंटर से जीपीएस लोकेशन के माध्यम से शहर में चल रहे 260 टिपर वाहनों की स्थिति को जांचा। इस दौरान यह देखा गया कि कौन सा वाहन किस क्षेत्र में कचरा कलेक्शन के लिए कितना समय लगा रहा है। इसके साथ ही कचरा कलेक्शन करने के बाद वाहन कचरा ट्रांसफर स्टेशन पर कितनी देर में पहुंचा।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती प्रिया जाटव पत्नी श्री उदय सिंह, निवासी वार्ड नं. 04, भीम नगर, तहसील व जिला भिण्ड (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लॉट, जिसका क्षेत्रफल 740 वर्गफिट होकर जो सर्वे क्रमांक 591 ग्राम देवरी, पटवारी हल्का नं. 12, आरएनएम एवं तहसील मेहगाँव एवं जिला भिण्ड (म.प्र.) में स्थित होकर जिसके पूर्व में संपत्ति बिक्रेता, पश्चिम में 15 फीट रोड, उत्तर में प्लॉट भारत व दक्षिण में 15 फीट रोड है। आवेदिका ने उक्त संपत्ति पूर्व स्वामी नरेश कुमार जाटव पुत्र श्री कालीचरण से जर्ये रजि. बिक्रयपत्र पंजीयन दस्तावेज क्रमांक एमपी 042912022ए1235541 एवं पंजीयन दिनांक 07.03.2022 के माध्यम से प्राप्त की है। पूर्व स्वामी श्री नरेश कुमार जाटव के अतिरिक्त उक्त सर्वे क्रमांक की भूमि के एक अन्य सहस्वामी है किन्तु आवेदिकानुसार उसने पूर्व स्वामी श्री नरेश कुमार जाटव से उनके ही हिस्से में ही उक्त संपत्ति प्लॉट के रुप में उनसे क्रय की है जिसमें सहस्वामी को कोई आपत्ति नहीं थी। चूंकि उक्त संपत्ति पर आवेदिका ने मेरे पक्षकार वित्तीय संस्था आधार हाउसिंग फायनेंस लिमि. के ऋण हेतु आवेदन किया है जिस पर ऋण देना प्रस्तावित है इसलिये यदि सहस्वामी को अन्यथा भी किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, किसी निकाय आदि को उपरोक्त वर्णित संपत्ति को बंधक किये जाने में कोई या कैसी भी आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रस्तुत करें अन्यथा समयोपरांत् कोई भी आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। इति दिनांक 25.05.2026

प्रेषक- गजेन्द्र कुमार भार्गव (एडवोकेट)
कार्या./नि.- हैदरगंज, मामा का बाजार, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)
कार्या. समय : 7:00 से 9:00 (सुबह एवं शाम)
मो. 9301122311

आम सूचना

श्री जितेन्द्र सिंह पुत्र श्री मलखान सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड क्र. 117 का भाग, स्थित गुरू कृपा नगर फेस-2, ग्राम साहनपुर, तहसील व जिला ग्वालियर (म.प्र.) में है जो नगर निगम ग्वालियर वार्ड क्र.62 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.48/1 एवं 49/1 ग्राम साहनपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 448 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में- शेष भूमि विक्रेता, पश्चिम में-भवन शिवमंगल सिंह तोमर, उत्तर में-सम्पत्ति अन्य एवं दक्षिण में-रास्ता 18 फुट चौड़ा है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में जसवीर नाबा. पुत्र स्व. श्री राकेश जर्ये सरपरस्त मां श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री राकेश सिंह (स्वयं), श्री राजेन्द्र सिंह, श्री हरवीर सिंह, श्री रमेश सिंह पुत्रगण श्री सुल्तान सिंह के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री राजेन्द्र सिंह, श्री हरवीर सिंह, श्री रमेश सिंह एवं श्रीमती गुड्डी द्वारा उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति श्री जितेन्द्र गोस्वामी पुत्र श्री देवेन्द्र गोस्वामी को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख एमपी 142592016ए1141718 दिनांक 12.03.2016 से विक्रय की गई थी। श्री जितेन्द्र गोस्वामी द्वारा उक्त सम्पत्ति विक्रय किये जाने हेतु श्रीमती किरन पत्नी श्री महेन्द्र सिंह के पक्ष में एक लिखतम विक्रय अनुबन्ध पत्र सम्पादित किया जा चुका है एवं रजिस्टर्ड विक्रय विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती किरन द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को एवं जसवीर को उक्त सम्पत्ति को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हों।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर
(म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

CHANGE OF NAME

Yasvant Singh F/o HAV Ravinder Singh Tomer R/o Gram Bare ka pura, Bareh, Morena, Bareh Madhya Pradesh. have changed my name from Yashvant Singh Tomer to Yasvant Singh.

CHANGE OF NAME

I, IC/Army Service No. 15480977X, Rank- LD Name- **ARVIND SINGH** Residing at H.No. 283 Kanch Mill Bada Gate, Birla Nagar, Gwalior M.P. Pin- 474004. That I want to change name of my Spouse/dependent from **ARIA BHADOURIA** to **ARYA BHADORIYA**. I am enclosing copy of Aadhar Card and Marksheet self-attested ad proof. Vide Affidavit No. DM 740788 Dated 23/05/2026 before High Court, Gwalior M.P.

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **गजेंद्र बघेल** (GAJENDRA BAGHEL) पुत्र श्री **बाबू सिंह बघेल** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व का नाम **बनिया बघेल** (BANIYA BAGHEL) था जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में लिखा गया है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में मैं **गजेंद्र बघेल** पुत्र **श्री बाबू सिंह बघेल** के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूँ एवं जाऊँगा। जो मेरे आधार कार्ड में लिखा गया है **बनिया बघेल** एवं **गजेंद्र बघेल** दोनों मेरे ही नाम है। अतः मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम **बनिया बघेल** (BANIYA BAGHEL) के स्थान पर **गजेंद्र बघेल** (GAJENDRA BAGHEL) लिखा एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

पूर्व नाम- बनिया बघेल
वर्तमान नाम-गजेंद्र बघेल
पुत्र श्री बाबू सिंह बघेल पता :- अजयपुर, ग्वालियर म.प्र. 474001

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **ओमकार सिंह सिकरवार** (OMKAR SINGH SIKARWAR) पुत्र श्री **राजेंद्र** सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा पूर्व का नाम **ऊंकार** (UNKAR) था जो मेरे आधार कार्ड में लिखा गया है जबकि वर्तमान एवं भविष्य में मैं **ओमकार सिंह सिकरवार** पुत्र **श्री राजेंद्र** के नाम से जाना पहचाना एवं पुकारा जाता हूँ एवं जाऊँगा। जो मेरे पेन कार्ड में लिखा गया है। **ओमकार सिंह सिकरवार** एवं **ऊंकार** दोनों मेरे ही नाम है। अतः आधार कार्ड में मेरा नाम **ऊंकार** के स्थान पर **ओमकार सिंह सिकरवार** लिखा एवं पढ़ा जावे। आम जन एवं सर्वजन सूचित हो।

पूर्व नाम-ऊंकार
वर्तमान नामओमकार सिंह सिकरवार
पुत्र श्री राजेंद्र पता :- खांडोली, बेहरारा, खंदोली, मुरैना, म.प्र.-476001

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **Ramendra Singh Parmar** शपथ करता हूं कि मेरे पुत्र के पूर्व के पासपोर्ट क्र. C7742600 में नाम **Takdeer Raj Parmar** दर्ज है, जबकि मेरे पुत्र के अन्य दस्तावेजों- CBSE 10th बोर्ड, आधार कार्ड, आदि में नाम **Takdeer Raj Singh Parmar** दर्ज है जोकि सही है। अतः वर्तमान में मेरे पुत्र को **Takdeer Raj Singh Parmar** के नाम से ही जाना-पहचाना जाता है। यही नाम मेरे पुत्र के नवीन पासपोर्ट में दर्ज कर मान्य किया जावे। अतः सूचित हों।

सूचनाकर्ता- Ramendra Singh Parmar
Add.- Garden Villa-1, Sorol Road Colony Windsor Hills, Lashkar GWALIOR (M.P.) 474001Mob. No. 9669606999

संबंध विच्छेद सूचना

तहसील जौरा के ग्राम चिंगौनी चंबल निवासी प्रीति शर्मा पत्नी सतीश शर्मा द्वारा एक शपथ-पत्र एवं सार्वजनिक विज्ञप्ति जारी कर प्रीति की ओर से सतीश शर्मा पुत्र चिरौंजी शर्मा से संबंध विच्छेद करने की जानकारी दी गई है। जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि सतीश शर्मा द्वारा आए दिन विवाद एवं झगड़े किए जाते हैं तथा अज्ञात लोगों से लेन-देन एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त रहने की बात सामने आई है। परिवार ने आशंका जताई है कि भविष्य में किसी अप्रिय घटना या विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। प्रीति शर्मा ने अपने शपथ-पत्र में उल्लेख किया है कि आज दिनांक से मेरा एवं परिवार के सदस्यों - प्रमोद शर्मा, महेश शर्मा एवं दीपक शर्मा पुत्रगण चिरौंजी शर्मा - का सतीश शर्मा से किसी भी प्रकार का सामाजिक, पारिवारिक अथवा आर्थिक संबंध नहीं रहेगा। विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि यदि सतीश शर्मा द्वारा भविष्य में किसी व्यक्ति के साथ लेन-देन, विवाद या अन्य कोई घटना की जाती है, तो उसके लिए मेरा एवं मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा। यह सूचना जनसामान्य एवं प्रिंट मीडिया को अवगत कराने हेतु जारी की गई है। साथ ही शपथ-पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि में प्रीति शर्मा मेरी देखरेख मेरे देवर जेठ कर रहे हे जिनके नाम प्रमोद, महेश एवं दीपक शर्मा द्वारा की जा रही है तथा प्रस्तुत की गई समस्त जानकारी सत्य एवं सही होने का दावा किया गया है। परिवार की ओर से यह सार्वजनिक घोषणा कैलारस में जारी की गई, जिसमें संबंधित सदस्य को परिवार से पृथक करने की बात कही गई है।

संबंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी श्री रामप्रसाद माहौर पुत्र स्व. श्री दंगल सिंह माहौर ग्राम खेरिया, तह. व थाना पोरसा, जिला मुरैना का होकर मेरे व्यवहारी के क्रमशः पुत्र उमेश माहौर व निर्देश माहौर है। जिसमें से पुत्र उमेश का विवाह श्रीमती अन्नू के साथ तीन वर्ष पूर्व हो चुका है तथा पुत्र निर्देश अध्ययनरत है। किंतु पुत्र उमेश माहौर आये दिन पुत्रवधु श्रीमती अन्नू को परेशान व प्रताड़ित कर गलत संगत में पड़ गया है, तथा किसी महिला के बहकावे में आकर अपना पतिधर्म नहीं निभाता है और मेरे व्यवहारी रामप्रसाद समझाते है तो लड़ाई, झगड़ा करता है तथा पुत्रवधु श्रीमती अन्नू अपने कर्तव्य का पालन करते हुए बच्चों का लालन पालन कर रही है। किंतु पुत्र उमेश माहौर किसी 40 वर्षीय महिला सीमा पाल के संपर्क में होकर गलत मार्ग पर चल रहा है, तथा उक्त अनुचित संबंधों के आलोक में महिला सीमा पाल पुत्र उमेश को दबाव में लेकर घर आती है और हिस्सा लेने तथा पुत्रवधु अन्नू से तलाक लेने का दबाव बनाती है। जिससे मेरे व्यवहारी व मेरे व्यवहारी की पत्नी श्रीमती भागवती तथा पुत्रवधु श्रीमती अन्नू एवं बच्चे गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं तथा महिला सीमा झूठे अपराधों में फंसाने की धमकी दे रही है। जिससे अनावश्यक जेल जाने का भय बना रहता है। उक्त कारणों से मेरे व्यवहारी द्वारा पुत्र उमेश माहौर को अपनी संपत्ति व परिवार से बेदखल कर दिया है। किसी भी प्रकार से कोई संबंध सरोकार नहीं रहा है। यदि मेरे व्यवहारी के पुत्र उमेश से कोई भी व्यक्ति, संस्था, लेनदेन करता है अथवा किसी भी प्रकार का लड़ाई, झगड़ा व संव्यवहार करता है तो ऐसे संव्यवहार से मेरा व मेरे अन्य परिवारीजन का कोई संबंध व सरोकार नहीं रहेगा। ऐसे प्रत्येक संव्यवहार के लिए व्यक्तिगत तौर पर उमेश माहौर ही उत्तरदायी रहेगा। अतः सर्वसाधारण को संबंध विच्छेद सूचित प्रेषित है।

भवदीय
राकेश दुबे एडवोकेट
बढ़ी-सदन
जे.एस.पब्लिक स्कूल वाली गली, वनखंडी रोड, मुरैना, (म.प्र.) मो. नं. 9425127286

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं JC451522M रैंक सूबेदार नाम शिवकेश सिंह भदौरिया निवासी हरदोल नगर, अमलताश कॉलोनी, फेज-01, गिर्द ग्वालियर (म.प्र.) एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से पुष्टि और घोषणा करता हूँ- कि मैं अपनी पत्नी का नाम सुषमा देवी से बदलकर सुषमा भदौरिया करना चाहता हूँ।
मैं सबूत के तौर पर आधार कार्ड और पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड कॉपी साथ में प्रस्तुत कर रहा हूँ।
दो राष्ट्रीय दैनिक अखबारों की प्रति के साथ प्रस्तुत कर रहा हूँ

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं 14817607-A रैंक TSLNK नाम गुमान सिंह भदोरिया निवासी खेरिया रोड पुरानी छावनी चोक मोती झील ग्वा. (म.प्र.) एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से पुष्टि और घोषणा करता हूँ- कि मैं अपनी पत्नी का नाम अनुपमा से बदलकर अनुपमा भदोरिया करना चाहता हूँ।
मैं सबूत के तौर पर आधार कार्ड और पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड कॉपी साथ में प्रस्तुत कर रहा हूँ।
दो राष्ट्रीय दैनिक अखबारों की प्रति के साथ प्रस्तुत कर रहा हूँ

जन्मतिथि एवं नाम परिवर्तन सूचना

मैं बहादुर पुत्र श्री छोटे लाल, उम्र-55 वर्ष 10 माह निवासी- वार्ड नं.-17, सुमेर कॉलोनी भिण्ड रोड गोहद, डाक घर गोहद, तहसील- गोहद जिला- भिण्ड (म.प्र.) मैं शपथपूर्वक सत्य कथन करता हूं कि मेरी पत्नी का वास्तविक नाम RAI SHREE एवं जन्मतिथि 01.07.1972 है। यह कि मेरे आर्मी के दस्तावेज में मेरी पत्नी का नाम RAY SRI व जन्मतिथि 01.07.1969 दर्ज है जो कि गलत है। जबकि मेरी पत्नी का वास्तविक नाम RAI SHREE व जन्मतिथि 01.07.1972 है जो कि सत्य वह सही है। अतः मेरी पत्नी का सही नाम RAI SHREE व जन्मतिथि 01.07.1972 दर्ज किया जावे। जिस हेतु शपथपत्र प्रस्तुत है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं **Divya Choithwani W/o Ram Choithwani** शपथ करती हूं कि मेरे पूर्व के पासपोर्ट क्र. R5672418 में मेरा नाम **Divya** दर्ज है। अतः अब शादी के बाद मेरा नाम परिवर्तित होकर **Divya Choithwani** हो गया है, यही नाम मेरे अन्य दस्तावेजों- आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में भी दर्ज है। वर्तमान में मुझे **Divya Choithwani** के नाम से ही जाना-पहचाना जाता है। अतः मेरे नवीन पासपोर्ट में मेरा परिवर्तित नाम **Divya Choithwani** दर्ज कर मान्य किया जावे। अतः सूचित हों।

सूचनाकर्ता- Divya Choithwani
Add. 10/11, Sambhaji Vilas colony No. 2, Lala ka Bazar, Lashkar Gwalior (M.P.) 474001 Mob no. 8965029659

सरनेम संशोधन सूचना

मैं **Gaurav Kathuria S/o Omprakash Kathuria** शपथ करता हूं कि मेरे पूर्व के पासपोर्ट क्र. J3030261 में मेरे नाम की स्पेलिंग **Gaurav Kathria** दर्ज है जोकि गलत है जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों- 10th मार्कशीट, आधार कार्ड, पैनकार्ड आदि में मेरे नाम की स्पेलिंग **Gaurav Kathuria** दर्ज है जोकि सही है। अतः वर्तमान में मैं अपने नाम की स्पेलिंग **Gaurav Kathuria** का ही लेख करता हूं। अतः मेरे नवीन पासपोर्ट में मेरे नाम की सही स्पेलिंग दर्ज कर मान्य किया जावे। अतः सूचित हों।

सूचनाकर्ता- Gaurav Kathuria
S/o Omprakash Kathuria Add.- 3-B, Adarsh colony, Shinde ki Chawni, Lashkar, GWALIOR (M.P.) 474001Mob no. 9806806851

नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अन्तर्गत मेरी सम्पत्ति क्षेत्र क्रमांक 09 वार्ड क्रमांक 20 स्थान अशोक कॉलोनी में स्थित है जो कि ओम प्रकाश कुशवाह पुत्र ग्यासीराम कुशवाह नाम से नगर निगम में आईडी क्रमांक 1000066555 पर दर्ज है/नहीं है जिसका क्षेत्रफल 800 वर्गफुट है। उक्त सम्पत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्र. 3537 दिनांक 20/01/2004 से प्राप्त किया गया है. उक्त सम्पत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 के अर्न्तगत धारा 167 के आशयों की पूर्ति सम्पत्तिकर एवं अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र टप्पापुरा दिनांक .....को किया गया है. जिसका आवेदन का कार्य क्रमांक ..... उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित सम्पत्तिकर विभाग कक्ष क्र. 205, 202 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति में सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक 25-05-2026
आनंद प्रताप सिंह, लवकुश पुत्रगण दुर्जन सिंह
पता : अशोक कॉलोनी ग्वालियर(म.प्र.)

आम सूचना

यहकि, श्री ललित गुप्ता पुत्र श्री गनपतराम गुप्ता के स्वामित्व की संपत्ति प्लाट नं ए-118 ब्लॉक-ए जो ग्रीन साऊथ एवेन्यू स्थित ग्राम केदारपुर, शिवपुरी लिंक रोड ग्वालियर म.प्र. में है जोकि 102.18 वर्गमीटर का है जिसका नगर निगम भवन क्रमांक 1523 वार्ड क्रमांक 59, कम्प्यूटर संपत्ति आईडी 1003885782 है जिसकी चर्तुसीमा में पूर्व में प्लाट नं. 113, पश्चिम में आन्तरिक रोड, उत्तर में प्लाट नं. 117 एवं दक्षिण में प्लाट नं. 119 है, उक्त संपत्ति श्री ललित गुप्ता ने श्री पवन जेठवानी पुत्र श्री लेखराज खत्री से रजिस्टर्ड विक्रयपत्र क्रमांक एमपी 142602021ए1580625 दिनांकित 16.07.2021 के द्वारा क्रय की। श्री पवन जेठवानी ने उक्त संपत्ति मैसर्स आरआरडी डबलपर्स से रजि. विक्रयपत्र क्रमांक एमपी 142602021ए1516051 दिनांकित 01.07.2021 को क्रय की। उक्त विक्रयपत्र दिनांकित 01.07.2021 की मूल प्रति मेरे पक्षकार श्री ललित गुप्ता से बैंक ऋण के संबंध में फोटोकॉपी कराने हेतू ले जाते वक्त दिनांक 20.05.2026 को सचिन तेंदुलकर मार्ग, सिटी सेन्टर ग्वालियर से भारतीय स्टेट बैंक के प्रधान कार्यालय के बीच में कहीं गिर गई। मेरे पक्षकार द्वारा कई बार प्रयास करने के बावजूद भी नहीं मिली। उक्त मूल बयनामे की प्रति का कहीं भी उपयोग नहीं किया गया है तथा ना ही उक्त बयनामा रहन वय दान या बंधक के संबंध में किसी को सुपुर्द किया गया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त बयनामे की गुमशुदगी के संबंध में पुलिस थाना जीवाजी विश्वविद्यालय में 25.05.2026 को ऑनलाइन रिपोर्ट के माध्यम से सूचना कर दी है। मेरे पक्षकार द्वारा अपने स्वामित्व की उक्त संपत्ति को भारतीय स्टेट बैंक शाखा आरएसीपीसी स्थित सिटी सेन्टर ग्वालियर के हित में बंधक रख ऋण लिया जाना प्रस्तावित है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त असल बयनामा क्रमांक एमपी 142602021ए1516051 दिनांकित 01.07.2021 की मूल प्रति यदि किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो उसकी मूल प्रति मुझको मेरे कार्यालय में सौंपे। इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के पश्चात श्री ललित गुप्ता का ऋण आवेदन स्वीकृत कर उसको ऋण सुविधा प्रदान की जा सकती है। उसके पश्चात उक्त बयनामे के संबध में किये गये समस्त दावे व आपत्तियां मेरे पक्षकार के व मेरे ऋणदाता बैंक के हितों के मुकाबले शून्य व निःप्रभावी समझे जावेगे। दिनांक: 25.05.2026

भवदीयः पीयूष चतुर्वेदी एडवोकेट
कार्यालय का पता - मंदि